# मोरक्को, पराग्वे और ब्राजील ने रोमांचक जीत दर्ज की

- मोरक्को ने प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई
- जर्मनी के 3 खिलाड़ियों ने पेनल्टी मिस की
- मार्टिनेली ने इंजरी टाइम में किया विजयी गोल



| मैच | परिणाम | आगे कौन गया |
|---|---|---|
| नीदरलैंड बनाम मोरक्को | 1-1 (पेनल्टी 3-2) | मोरक्को |
| जर्मनी बनाम पराग्वे | 1-1 (पेनल्टी 4-3) | पराग्वे |
| ब्राजील बनाम जापान | 2-1 | ब्राजील |

**मॉन्टेरी (मैक्सिको), 30 जून. फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ-32 में नीदरलैंड और मोरक्को के बीच खेला गया मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें मोरक्को ने पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से जीत दर्ज कर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली. निर्धारित 90 मिनट और अतिरिक्त समय तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं.**

पहले हाफ में दोनों टीमों ने सावधानी के साथ खेला और कोई गोल नहीं हो सका. नीदरलैंड ने गेंद पर अधिक नियंत्रण रखने की कोशिश की, जबकि मोरक्को ने तेज काउंटर अटैक पर भरोसा किया. 20वें मिनट में मोरक्को के नील एल आयनाउई के हेडर को डच गोलकीपर बार्ट वर्ब्रूगेन ने शानदार बचाव कर रोक दिया.

दूसरे हाफ में मुकाबला और तेज हो गया. 75वें मिनट में नीदरलैंड ने क्रिस्टेंसियो समरविले के गोल से 1-0 की बढ़त हासिल की. कोडी गाकपो के पास पर मिले इस मौके ने डच टीम को बढ़त दिलाई. लेकिन मोरक्को ने हार नहीं मानी और स्टॉपेज टाइम (90+1) में इसा डिओप ने शानदार गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया. अतिरिक्त समय में दोनों टीमों ने जीत के लिए प्रयास किए, लेकिन कोई भी गोल नहीं हो सका. इसके बाद मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ. मोरक्को के खिलाड़ियों ने दबाव में बेहतर प्रदर्शन किया और तीन पेनल्टी गोल दागे, जबकि नीदरलैंड सिर्फ दो गोल ही कर सका. मोरक्को की इस जीत को उनके मजबूत डिफेंस और मानसिक मजबूती का परिणाम माना जा रहा है. इस जीत के साथ मोरक्को ने एक बार फिर साबित किया कि वह बड़े मंच पर किसी भी टीम को कड़ी टक्कर देने में सक्षम है.

### टॉप 5 रिकॉर्ड्स ऑफ द डे

पराग्वे ने चार बार की विश्व चैंपियन जर्मनी को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया.

**सबसे देर में निर्णायक गोल:** ब्राजील के गैब्रियल मार्टिनेली ने 90+5 मिनट में विजयी गोल दागकर जापान को 2-1 से हराया.

**स्टॉपेज टाइम कमबैक:** मोरक्को ने 90+1 मिनट में गोल करके नीदरलैंड के खिलाफ मैच 1-1 से बराबर किया और बाद में पेनल्टी में जीत हासिल की.

**पेनल्टी में दबाव का रिकॉर्ड** जर्मनी के 3 अहम खिलाड़ियों (हावर्ट्ज, टाह, वोल्टेमाडे) ने पेनल्टी मिस की, जिससे टीम बाहर हो गई.

**लगातार रोमांचक फिनिश:**
तीनों बड़े मैचों का फैसला या तो इंजरी टाइम गोल या पेनल्टी शूटआउट से हुआ, जिससे पूरे दिन हाई-ड्रामा बना रहा.



## जर्मनी बनाम पराग्वे

फॉक्सबोरो (अमेरिका), 30 जून। फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ-32 में एक बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जहां पराग्वे ने चार बार की विश्व चैंपियन जर्मनी को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। निर्धारित समय में मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। शुरुआत में जर्मनी ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन पराग्वे ने तेज आक्रमणों से उन्हें चौंका दिया। 34वें मिनट में पराग्वे के जूलियो एनसिसो ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद जर्मनी ने आक्रामक खेल दिखाया और 54वें मिनट में काई हावर्ट्ज ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने कई मौके बनाए, लेकिन कोई भी निर्णायक गोल नहीं हो सका।

## ब्राजील बनाम जापान



**ह्यूस्टन, 30 जून.** पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील ने फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ-32 मुकाबले में जापान को 2-1 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया. मैच बेहद रोमांचक रहा और इसका फैसला अंतिम मिनटों में हुआ. पहले हाफ में जापान ने शानदार प्रदर्शन किया. 29वें मिनट में काइशू सानो ने बॉक्स के बाहर से शानदार शॉट लगाकर गोल किया और जापान को 1-0 की बढ़त दिला दी. जापान ने इस बढ़त को पहले हाफ तक बनाए रखा और ब्राजील को दबाव में रखा दूसरे हाफ में ब्राजील ने आक्रामक खेल दिखाया और लगातार हमले किए. 56वें मिनट में कैसिमिरो ने गैब्रियल मैगलहेस के क्रॉस पर हेडर से गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया. इसके बाद ब्राजील ने दबाव बढ़ाया और जापान की डिफेंस को लगातार चुनौती दी. मैच पूरी तरह से संतुलित हो गया था और दोनों टीमें जीत की तलाश में थीं. जापान ने भी कुछ अच्छे मौके बनाए, लेकिन ब्राजील के गोलकीपर ने शानदार बचाव किया. निर्णायक क्षण इंजरी टाइम में आया. 90+5 मिनट में गैब्रियल मार्टिनेली ने बेहतरीन फिनिशिंग करते हुए गोल दागा और ब्राजील को 2-1 से जीत दिला दी. उनका शॉट गोलपोस्ट से टकराकर अंदर चला गया, जिससे जापान की उम्मीदें टूट गईं.



## पिकलबॉल एसोसिएशन ने वर्ल्ड कप के लिए नई जर्सी लॉन्च की

**मुंबई, 30 जून. इंडियन पिकलबॉल एसोसिएशन ने आने वाले पिकलबॉल वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम की आधिकारिक जर्सी लॉन्च की।**

पिकलबॉल वर्ल्ड कप वियतनाम के दा नांग में 30 अगस्त से 6 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। जर्सी को इंडियन पिकलबॉल एसोसिएशन के डायरेक्टर आलाप शर्मा, पीडब्ल्यूआर के को-फाउंडर आशीष खन्ना, आईपीए टीम के दिलीप मोहंती, असम पिकलबॉल एसोसिएशन की सुश्री नाज़नीन रहमान, लखनऊ लेपर्ड्स के शालीन जैन और पिकलबे के फाउंडर सिद्धांत जैता की मौजूदगी में लॉन्च किया.

## जी कामलिनी भारतीय महिला टीम में शामिल

**मुम्बई.** भारत ने सितंबर में जापान के आइची-नागोया में होने वाले 2026 एशियाई खेलों के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम में 17 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज जी. कामलिनी को शामिल किया है. कामलिनी को यस्तिका भाटिया की जगह टीम में जगह दी गई है. हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली उस टीम में यह एकमात्र बदलाव है. कामलिनी उस इंडिया ए टीम का हिस्सा थीं जिसने इस महीने इंग्लैंड का दौरा किया था और नॉर्थम्प्टन में टी-20 जीत के दौरान उन्होंने तेजी से नाबाद 35 रन बनाए थे.

## भारतीय लड़कों ने जीते चार गोल्ड

- फ्रीस्टाइल टीम दूसरे स्थान पर रही



**पटाया (थाईलैंड), 30 जून भारतीय लड़कों ने अंडर-15 एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप के तीसरे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए चार गोल्ड मेडल जीते, जबकि देश ने सोमवार को यहां पुरुषों की फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता में शानदार आठ मेडल जीते.**

प्रथमेश एस पाटिल (52किग्रा), नैतिक (62), केशव हर्षद चेमटे (75) और विवेक चौहान (85) ने अपने-अपने वेट कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीतकर भारतीय दल के लिए एक शानदार दिन की शुरुआत की. चार गोल्ड मेडल के अलावा, भारत ने एक सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज़ मेडल जीते, जिससे उस दिन खेले गए सभी आठ वेट डिवीजन में 100 परसेंट पोडियम रिकॉर्ड पक्का हो गया. टाइटल मुकाबलों में, पाटिल ने जापान के दाइची मात्सुमी पर टेक्निकल सुपीरियरिटी से 10-0 की शानदार जीत दर्ज की, जबकि चौहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक और जापानी ग्रैपलर, ताइसेई सुजुकी को 5-0 से हरा दिया. नैतिक ने उज्बेकिस्तान के इस्मोइलजोन नाजिरजोनोव को 8-6 से हराने के लिए एक रोमांचक मुकाबला लड़ा, और चेमटे ने कजाकिस्तान के येरसुल्तान सुलेमान को 11-10 से हराकर एक हाई-स्कोरिंग थ्रिलर में अपना धैर्य बनाए रखा.



## ज़िम्बाब्वे ने बांग्लादेश को पारी से हराया

- ज़म्बाब्वे ने बांग्लादेश को एक पारी और 85 रन से हराया
- ब्लेसिंग ने 4 विकेट लेकर किया शानदार प्रदर्शन

**हरारे 30 जून ब्लेसिंग मुजारबानी (चार विकेट), रिचर्ड न्गारावा (तीन विकेट) और न्यूमैन न्यामहूरी (दो विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन के दम पर ज़िम्बाब्वे ने मंगलवार को एकमात्र टेस्ट मैच के तीसरे बंगलादेश को दूसरी पारी में 185 रन पर समेटकर पारी और 85 रनों से आसान ऐतिहासिक जीत दर्ज की।**

आज सुबह के सत्र में बंगलादेश ने कल के 40 रन पर एक विकेट से आगे खेलना शुरु किया। जिम्बाब्वे के गेंदबाजी आक्रमण के आगे बंगलादेश के बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके और उनकी पूरी टीम तीसरे दिन के दूसरे सत्र में 45 ओवरों में 185 रन पर आलऑउट हो गयी। यह टेस्ट क्रिकेट में जिम्बाब्वे की सबसे बड़ी जीत है। बंगलादेश को ज़िम्बाब्वे को दोबारा बल्लेबाजी कराने के लिए अभी भी 230 रनों की ज़रूरत थी।

> दूसरे दिन सात विकेट लेने वाले तैजुल इस्लाम का मानना था कि पिच बल्लेबाजी के लिए बेहतर हो रही है और बंगलादेश साझेदारी बनाने पर ध्यान देगा. दूसरे दिन अपना पहला टेस्ट शतक लगाने वाले इनोसेंट काइया का तीसरे दिन की शुरुआत में मानना था कि पिच अभी भी गेंदबाजों के लिए कुछ मदद दे रही है.

## यास्तिका बाहर, जी कमलिनी शामिल



**मुंबई, 30 जून भारतीय महिला टीम ने एशियाई खेलों के लिए यास्तिका भाटिया की जगह जी कमलिनी को रिज़र्व विकेटकीपर के रूप में शामिल किया है.**

इसके अलावा लगभग पूरी टीम वैसी ही है, जिन्होंने हाल ही में टी20 विश्व कप में हिस्सा लिया था और ग्रुप चरण से ही बाहर हो गए थे. यह प्रतियोगिता टी 20 फ़ॉर्मेट में जापान के आइची-नागोया में सितंबर में खेली जायेगी. टी 20 विश्व कप के दौरान चोटिल हुईं ऑफ़ स्पिन ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल को भी टीम में शामिल किया गया है, हालांकि यह चयन फ़िटनेस क्लियरेंस के आधार पर हुआ है. नीदरलैंड्स के ख़िलाफ़ मैच के दौरान फ़ील्डिंग करते हुए उनका टखना मुड़ गया था और वह मैच व प्रतियोगिता से बाहर हो गई थीं. उनकी जगह टी20 विश्व कप दल में शामिल हुईं प्रेमा रावत का चयन एशियाई खेलों के लिए नहीं हुआ है.

## न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 160 रनों से हराया

**नॉटिंघम.** डैरिल मैचिल (नाबाद 100) और रचिन रवीद्र (94) के शानदार प्रदर्शन के बाद जैकरी फॉक्स (तीन विकेट), नेथन स्मिथ और मिचेल सैंटनर (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 160 रनों से हरा दिया. इसी के साथ न्यूजीलैंड तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली. डैरिल मिचेल को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' और नेथन स्मिथ को प्लेयर ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से नवाजा गया. इंग्लैंड ने चार विकेट
पर 103 रनों से आगे खेलना

## वसीम जाफर बने घरेलू सीजन से पहले हैदराबाद के मेंटर




**हैदराबाद, 30 जून हैदराबाद ने 2026-27 के घरेलू सीजन से पहले पूर्व बल्लेबाज वसीम जाफर को मेंटर नियुक्त किया है. जाफर की नियुक्ति दो साल के लिए होगी, इस दौरान वह सीनियर और एज-ग्रुप, दोनों तरह की टीमों के साथ काम करेंगे.**

माना जा रहा है कि जाफर को टीम में शामिल करने का फैसला अंबाती रायडू के जोर देने पर लिया गया है, जो घरेलू स्तर के किसी अनुभवी भारतीय कोच को टीम से जोड़ना चाहते थे. रायडू, जिन्हें हाल ही में हैदराबाद का 'हेड ऑफ क्रिकेट ऑपरेशन्स' बनाया गया है, का मानना है कि जाफर – जो 10 बार रणजी ट्रॉफ़ी जीत चुके हैं और इस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं. वह टीम में 'जीतने वाली सोच' लेकर आएंगे.

**2026 विंबलडन** ▶ सिनर ने 5 सेटों के रोमांचक मैच में वापसी कर जीत दर्ज की

## सिनर-जोकोविच ने की विंबलडन में जीत दर्ज



**लंदन, 30 जून मौजूदा पुरुष चैंपियन यानिक सिनर और सात बार के विजेता नोवाक जोकोविच ने 2026 विंबलडन चैंपियनशिप में पहले दौर की कड़ी चुनौती पार कर ली.**

दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी सिनर ने एक सेट हारने के बाद वापसी करते हुए सर्बिया के मियोमिर केकमैनोविच को 4-6, 6-3, 6-7 (6), 6-2, 6-3 से हराया. यह रोमांचक मुकाबला तीन घंटे 30 मिनट तक चला. पिछले महीने फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में चौंकाने वाली हार के बाद अपना पहला मैच खेल रहे सिनर को बिना दबाव के गलतियों (अनफोर्स्ड एरर्स) से जूझना पड़ा. तीसरे सेट के दौरान वे बुरी तरह फिसल गए और कुछ पल तक ज़मीन पर ही पड़े रहे. बाद में चौथे सेट में उनके दाहिने जूते से खून रिसने लगा, हालांकि उन्होंने बाद में कहा कि खून पैर के अंगूठे के नाखून की समस्या के कारण निकला था और यह कोई गंभीर बात नहीं थी.

> इतालवी खिलाड़ी ने आखिरी दो सेटों में अपनी लय वापस पाई और पूरे मैच में केवल 10 अनफोर्स्ड एरर्स किए, साथ ही 31 ऐस और 72 विनर्स लगाए. अब उनका सामना पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस से होगा. जोकोविच को भी कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने चीन के वू यिबिंग को तीन घंटे 12 मिनट में 6-4, 5-7, 6-4, 6-4 से हरा दिया.

## क्राफ्टन इंडिया ने 'राइजिंग स्टार इनविटेशनल टूर्नामेंट' किया लॉन्च

**बेंगलुरु.** क्राफ्टन इंडिया ने आज 'राइजिंग स्टार इनविटेशनल' की घोषणा की. यह भारत का पहला बीजीएमआई इनविटेशनल टूर्नामेंट है जो खास तौर पर क्राफ्टन इंडिया ईस्पोर्ट्स राइजिंग स्टार्स प्रोग्राम के खिलाड़ियों के लिए बनाया गया है. 3 से 5 जुलाई तक चलने वाले इस तीन दिवसीय इवेंट में 16 राइजिंग स्टार्स अपनी-अपनी पांच सदस्यों वाली टीमों की कप्तानी करेंगे. 5 लाख रुपये के प्राइज पूल वाले इस मुकाबले को क्राफ्टन इंडिया ईस्पोर्ट्स यू ट्यूब चैनल पर लाइव दिखाया जाएगा.

## स्टोक्स ने ब्रूक को टेस्ट कप्तान बनाने का किया समर्थन



**लंदन, 30 जून बेन स्टोक्स ने हैरी ब्रूक को इंग्लैंड का अगला टेस्ट कप्तान बनाने का समर्थन किया है. ब्रूक पहले से ही वनडे और टी 20 में इंग्लैंड के कप्तान हैं और टेस्ट फ़ॉर्मेट में स्टोक्स के डिप्टी (उप-कप्तान) रहे हैं.**

हालांकि, इंग्लैंड मैनेजमेंट ने हाल ही में खत्म हुई सीरीज़ के ओवल टेस्ट में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ़ टीम की कप्तानी के लिए पूर्व कप्तान जो रूट को चुना था. स्टोक्स को अनुशासनात्मक कारणों से गस एटकिंसन के साथ टीम से बाहर रखा गया था. स्टोक्स ने साफ़ किया कि जब ओवल में कप्तानी के लिए ब्रूक के बजाय रूट को चुना गया, तो वे उस फ़ैसले की प्रक्रिया का हिस्सा नहीं थे. अपने आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड की हार के बाद स्टोक्स ने कहा, 'उन्हें इस टीम का उप-कप्तान बनाने के पीछे एक वजह थी. मुझे पता है कि पिछले कुछ हफ़्तों में काफ़ी विवाद हुआ और कुछ फ़ैसले लिए गए, लेकिन मैं उन फ़ैसलों को लेने में शामिल नहीं था.' 35 वर्षीय स्टोक्स ने ज़ोर देकर कहा कि ब्रूक का टेस्ट कप्तान बनना एक स्वाभाविक प्रक्रिया होनी चाहिए क्योंकि वे पहले से ही उप-कप्तान हैं. स्टोक्स ने कहा, 'किसी टीम का उप-कप्तान आपको किसी खास वजह से बनाया जाता है.